दिनांक 17.06.2021 स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

कोरोना संक्रमण से बचाव व थर्ड वेब की तैयारियों को लेकर हुआ प्रशिक्षण

भिलाईनगर/ कोरोना वायरस का खतरा अभी टला नहीं है , कोविड 19 के नियमों का पालन कराने और संक्रमण को फैलने से रोकने भिलाई निगम के सभागार में प्रशिक्षण आयोजित हुआ , जहां भिलाई, रिसाली, जामुल निगम, स्वास्थ्य विभाग और मितानीने शामिल हुई जिन्हें कोरोना के नये म्यूटेन्ट के बारे में जानकारी देते हुए टेस्टींग , कांटेक्ट ट्रेसिंग, होम आईसोलेशन कार्य को तेजी से बढ़ाने कहा गया। कोरोना का थर्ड वेब को रोकने, उसके लक्ष्ण की चर्चा करते हुए इसमें बच्चे ज्यादा प्रभावित होने की संभावना है , इस कारण वैक्सीनेशन कार्य को बढ़ाने के लिए प्रेरित किया गया। भिलाई निगम के आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी की उपस्थिति में प्रशिक्षण कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के द्वारा डेंगू की रोकथाम के लिए लार्वा उत्पन्न होने वाले स्रोतो के नष्टीकरण की विस्तृत जानकारी दिए। डाॅ. अर्चना चैहान ने बताया कि कोरोना वायरस का खतरा अभी टला नहीं है , अन्य राज्य जहां संक्रमण फैला है वहां से बड़ी संख्या में लोगों का आना जाना लगा है ऐसे में कोरोना के संभावित मरीजों की टेस्टिंग, होम आईसोलेशन की प्रकिया शीघ्रता से करे जिससे संक्रमण को फैलने से रोका जा सके। वैक्सीन लगाने के बाद भी मास्क, सेनेटाइज व अनावश्यक भीड़ में जाने से बचने के लिए नागरिकों को प्रेरित करे। डाॅ. सुगम सावंत ने बताया कि वैज्ञानिकों के अनुसार कोरोना वायरस के थंड वेब आने की संभावना बनी हुई है, जिसकी प्रशासन स्तर पर हर संभव तैयारी की जा रही है, चूंकि संक्रमण का म्यूटेन्ट बदल रहा है जो बच्चों को ज्यादा प्रभावित कर सकते है , ऐसे में जिन परिवार में 14 वर्ष की कम उम्र वाले बच्चे है उनके परिजन को चिन्हित कर प्राथमिकता के आधार पर टीकाकरण कराने के लिए कहा गया। इस दौरान थर्ड वेब की तैयारी की प्रक्रिया , संक्रमण के लक्ष्ण व नियंत्रित करने के उपाय पर चर्चा किए। कोविड संक्रमण का दौरान ऐसे में हमें विशेष ध्यान रखना होगा कि डेंगू , मलेरिया, पीलिया जैसी अन्य कोई महामारी न फैले इसके नियंत्रण के लिए समुचित उपाय किए जाए। सीपीएम तुषार वर्मा ने बताया कि घर के आस पास साफ सफाई , कूलर, पुराने टायर या कोई भी पुराने पात्रों में जलजमाव को रोकने निरंतर लार्वा की जांच करते रहे ताकि लार्वा पैदा होने वाले स्रोत को समाप्त किया जा सके। विशेषज्ञ ने फिल्ड में जाने वाले कर्मचारियों को घर के विभिन्न स्थान लार्वा उत्पन्न होते है उनकी जानकारी देते हुए निगम प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग द्वारा डेंगू लार्वा के स्रोत नियंत्रण कार्यकम चलाकर लार्वा का पूर्णतः नष्टीकरण किया जाना है। एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में भिलाई निगम के जोन आयुक्त सुनील अग्रहरि , पूजा पिल्ले, प्रीति सिंह, स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेन्द्र मिश्रा , कार्यपालिक मजिस्टेट प्रियंका वर्मा , डाॅ. एस.के. जामगड़े, जिला मलेरिया अधिकारी, डाॅ. सीबीएस बंजारे, रिसाली निगम के नोडल अधिकारी

रमाकांत साहू, व जामुल पालिका के सीएमओ , महिला एवं बाल विकास विभाग से भी प्रतिनिधि उपस्थित थे।